THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): We share you sentiments.

We will now proceed with the further consideration of the Bill, moved by Shri Santosh Bagrodia on 22nd November, 2002, the Constitution (Amendment) Bill, 1999 (Insertion of new article 21A). When the House was adjourned on the 22nd November, 2002, Shri Santosh Bagrodia had not concluded his speech, while moving the Bill for consideration. He may, therefore, resume his introductory remarks.

---

## THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1999 (INSERTION OF NEW ARTICLE 21A)—CONTD.

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. In fact, I had just started on that day, and took about one or two minutes. So, there was hardly any time for me to make a speech on that day. Sir, I would like to support the Constitution (Amendment) Bill, 1999. It is after three years, I have been able to talk about this Bill in the House. Sir, to begin with, I would like to quote from the Statement of Objects and Reasons. It says, "That it is felt that there should be a complete right to privacy for the citizens so that no agency of the Government should be allowed to enter the residence of any citizen, unless there is a risk to national security." My stand is very clear. Particularly in India, the home, the sweet home is like a temple. We don't let anybody come into the home. At least, in this entire world, that is one place where you want to feel private, completely you own, where nobody can interfere. As has been mentioned in the Statement of Objects and Reasons, if there is a question of national security, then, I can understand it, but not for any small reason. It may be any agency in the country today, either it is from the taxation—direct or indirect—or from police. We have all kind of laws in the country. The first thing they will say is that they can raid, they can go to the house of any Indian citizen and they can disturb the privacy of that house on flimsy grounds, with no human touch in it. They would go to the house, misbehave with the ladies and children in the absence of men of the house. They can do anything. In fact, they are very much powered or I should say, they misuse power. Finally, what happens is that after doing all these things, the result is zero. My stand is that we should have a right to privacy as we have a right to religion, a right to education and a right to

work. We should have a right to privacy that nobody can interfere in our private life. Sir, if I go further, minor economic offences should not attract the extreme step of raiding the private residence of a citizen of the country. Now, when we talk about any economic offence, views can differ, even judges can differ and officers can differ. In the case of very minor economic or non-economic issues, the authorities, particularly the police authorities, think that it is their right. I think of a situation. Recently somebody called me at eleven o' clock and said, "Police has come to my house." I said, "What for?" I went there why they had come, I found that there was some quarrel between two servants in the servants' quarters and the police had entered the house of a lady who was living there alone. There was no lady police also. But the police entered the house. This is the situation with which we are living in. Sir, this is what is happening in the other agencies when they come to the house. There is a law. When you come to the House, you should show that you have not brought anything which is incriminating. You can search the house in the presence of a local witness. But they do not bring any witness for their own reasons. They will just enter the house, entering the house means, not entering the apartment, not entering the main gates of the house—they come in 30s or 40s or even hundreds, according to their own estimate—and will go straightaway go the bedrooms. They will not give even a few minutes to find out who there, whether any men are in the house or not. If they plant something, they are is no way an ordinary person can help himself. A number of stories have come up and incidents have taken place when they planted all kinds of things just to harass those people, blackmail those people. I will give a few figures a little later. Later on here I have mentioned 'that only subject to the order of a committee of seniormost officers.' if these kinds of searches are required' which means there should be a committee of senior officers who should without any doubt be convinced with their different information. They have got informants. All agencies have got informers. So, they must be fully convinced that there is something very serious happening in a particular apartment. Then only should they take this king of an extreme step. This should not be the first step. If at all they are culprits, this should be the last step and this step should be taken only when it is really required, and after interrogation of all those people, after proper information from different sources. It is not that you start the case the moment you get information. You should take up the case only after verifying the information whether it is right or not. If it goes wrong, that poor family suffers humiliation in the society, in the Government and in the presence of their children. But

nothing happens to the officers. Nothing happens to those informers. They just get away by saying, 'sorry.' They don't say even sorry. But they just get away with it. Is it correct in a democratic set up? We are not living in the ancient age, when kings were ruling different countries in different parts of the world, including India. We are not living in that age where the words of the rulers were law, or, they can do whatever they like. They can pick up our sisters and mothers from roadside at their will. That situation is not prevailing today. But, now, our officers are behaving even worse than that. This is what I am very much concerned with and this has to be stopped, sooner the better. The independent local witnesses should thoroughly check the raiding team. I have already mentioned this. Before they enter, first, they should be thoroughly checked. They should not be allowed to take anything from inside, even a piece of paper. They don't need to take. And an independent local witness should do this checking. It should be done meticulously and transparently. There is no problem. They can come. They can go round the house. They can wait. They can give time to the people, if they are not properly dressed. It is not a question of war that if they wait for ten minutes or half-an-hour, the sky is going to fall. It is only a question of Courtesy. But, they want to create terror. That is why they do not want to wait. I have also mentioned that when they enter, there may be sick people, there may be children toddlers and there is a possibility that of they get horrified and, in this horrific situation, there brain may get damaged and for the rest of their lives they will have to suffer for no fault of theirs. This has also to be looked into.

On the one hand, we talk as to what we should do for children, for their development, for their education, and, on the other, we let them face this kind of a situation which is unnecessary. What happens after this scenario that I have just explained? What happens after they have already destroyed your privacy? After destroying it, they will come out. Sometimes, they will call the media—now, the electronic media. I think, only the politicians are interested to be seen on television. But officers are more interested that they should be seen on television. They want that their names should appear in the newspapers. They will call them and give piecemeal information. If you have guts, give full information. They will not give full information. And, the poor victims do not have the courage, or, the right even to question that information, because if they question it, they would be harassed more. So, there should be a complete stoppage of giving any kind of information to the media, directly or indirectly. It does not help in finding out the problem, looking for more culprits and more associates. It helps in no way—either we talk of terrorism or anything of that sort. If you go to somebody's house and you publicise

all over the country and all over the world that we have gone to so and so terrorist's house, obviously, his accomplices will be alerted. Why do you want to do it? You want to do it only to get publicity. This aspect has to be looked into. There should be a complete stoppage of giving any kind of information till the case is completed, thoroughly investigated and judgment is delivered. They have no right to spoil the image of an individual or his family members on the basis of suspicion only. Similarly, as you know very well, the moment the print media or the other media gets some information, whether right or wrong, it breaks the news. They are in the habit of breaking news without any verification. Some accountability has to be there on the media people also. They have every right to inform the people, if something is going wrong. But they have no right to inform the people on the basis of suspicion only. There has to be some accountability on this issue also. By not doing so, they have harmed the ordinary citizens of the country, which cannot be repaired for generations. After seven generations, someone may say that people had suspicion on his great, great, forefather. It is not that the only the image of politicians is important; only the image of officers is important, but the image of every citizen is equally important. And, that is most important. (*Interruptions*).

**श्री बालकवि बैरागी** (मध्य प्रदेश) : सर, इस बिल पर चर्चा तो हो रही है लेकिन कंसर्न्ड मिनिस्टर इस समय यहां हैं या नहीं, आप जरा कन्फर्म तो कर लीजिए।

**उपसभाध्यक्ष ( श्री नीलोत्पल बसु) :** मेरे ख्याल में यह जो विषय है...

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI VIJAY GOEL): I am here, Sir.

**श्री बालकवि बैरागी :** आप तो पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर हैं।

SHRI VIJAY GOEL: Sir, I am here, since Mr. Harin Pathak is in the Lok Sabha...(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): That's okay. But there has to be a proper notice to the Chairman that the concerned Minister may not attend the House due to certain other work, which is unavoidable. The Government should take care of this because this is a regular business. The Member had given prior notice, and the Bill has already

been introduced. As this is a Constitution Amendment Bill, somebody either from the Home Ministry or the Law Ministry should be here.

**श्री विजय गोयल:** मैंने गृह मंत्रालय का तो बताया पर मैं इस बात का ध्यान रखूंगा कि भविष्य में नोटिस आए। इस समय तो मैं इनके लिए विशेष रूप से उपस्थित हूं।

**श्री संतोष बागड़ोदिया:** दो-तीन मंत्री तो हैं, एक तो आए हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री नीलोत्पल बसु):** यह आपका और उनके बीच का मामला नहीं है। यह सदन का मामला है, इसलिए आप इसमें हस्तक्षेप न करें। मेरा आपको भी यह सुझाव रहेगा कि जब बहस समाप्त हो जाएगी तब आपको दोबारा कहने का मौका मिलेगा। चूंकि आपका बिल बहुत लोकप्रिय हो गया है, 13 स्पीकर्स के नाम और हैं, इसलिए यदि आप संक्षेप में इसे इंट्रोडयूस कर देते और सभी मैम्बर्स चर्चा कर लेते, फिर आप विस्तार से इसका जवाब देते तो वह ज्यादा अच्छा होता।

**श्री संतोष बागड़ोदिया:** सर, मैं संक्षेप में ही बोल दूंगा, आप मुझे टाइम लिमिट तो बता दीजिए।

**उपसभाध्यक्ष (श्री नीलोत्पल बसु):** टाइम लिमिट की बात नहीं है। आपके इतने साथियों ने बोलने के लिए नाम दे रखे हैं तो टाइम लिमिट आप ही निश्चित कर लीजिए ताकि सभी बोल सकें।

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Okay, Sir. I want to give a few figures with regard to the number of arrests that have been made under bailable offences. I am giving you the State-wise figures. In UP, 45.13 per cent of the total arrests were made under bailable offences; in Haryana, 94 per cent; in Maharashtra, 72.9 per cent—in Thane district alone 67.73 per cent; in Gujarat, 80 per cent, in Andhra Pradesh, 42 per cent arrests, even without registering any case; in Bihar, 13.9 per cent, Bihar is probably the least; in Orissa, 75 per cent; in Karnataka, 84.8 per cent, in Kerala, 71 per cent; in Delhi, 90 per cent, where out of the total arrests made only 10 per cent have been convicted and 90 per cent have been acquitted; in Himachal Pradesh, 65 per cent; in Chandigarh, 87.18 per cent; in Manipur 95 per cent; in Mizoram, 50 per cent; and in Tripura, 80 per cent. These figures show how the system is functioning in the country today. The same system percolates from the Central Government agencies to the State Government agencies. Sir, the police have arrested so many such people. Recently, there was a news reports, "There are no facilities in jails. They are filled to capacity. Undertrials are three or four times

more than the capacity of the jails." Why is this happening? Once it happens, the police force says that we are short of staff. In that context, after the murder of Smt. Phoolan Devi, the Deputv Chairperson, Dr. (Smt.) Najma Heptullahji had said: "If a VIP can be murdered just outside her house, I can understand how insecure the citizens are in Delhi. Two days ago there was a Rs. 2 crore bank robbery and murders are reported every day." Now, the position has reached such a stage that even MPs are also vulnerable. They have become vulnerable because the police force, which is supposed to do its duty of looking after the security of the country, is busy doing these kind of things. They are interested in arresting innocent people.

I want to give you another example. I quote: "When Anuj (name changed), a class XI student of the Air Force Bal Bharti School, wrote a few dirty paragraphs about his female class mates, he did what many teenage boys do. The only difference was that he posted them on the Net while less techno-savvy kids scratch it on the walls of school toilets. There is another difference: he was arrested for it. At the juvenile welfare court where his bail application was being argued, the Bench expressed more concern about his rehabilitation than his punishment." This is how things are going on. Shri Duggal, one of the lawyers said, "Section 67 of the Information Technology Act—under which the youngster has been arrested—has been drawn from antiquated Indian Penal Code, 1860." That is how this boy was arrested under that antiquated Indian Penal Code.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): Mr. Bagrodia, I think, you should now wind up your introductory remarks. I have already checked up, this issue does not come under the provisions which you have suggested in your amendment. We are not discussing here the general critique of the criminal justice system in this country. We are trying to protect the fundamental right to privacy of citizens, and how they are abrogated in the name of criminal justice.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Sir, if you give me a chance, I will explain why I had mentioned those things.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): That is fine. You can go on explaining. Everyone of us can go on explaining, but we need to have a proper discussion on the Bill. So, while replying to the debate,

**3.00 P.M.**

you can make your points. You should now give some scope to the Members who actually want to speak on the Bill.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Sir, now, if you give me an opportunity to explain the points, I will do it. But, if you think, I should not be given a chance, I will not give my explanation.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): Mr. Bagrodia, I think, you have adequately made all the necessary justification for introduction of the Bill. And to facilitate a good discussion, other Members should also participate in the discussion. If you think, there are some more points which are relevant to strengthen the justification of the Bill, those can be made at the end of the discussion while replying to the debate.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Sir, give me just five minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): Okay.

SHRI SANTOSH BAGRODIA: Sir, I will give you a small example. Shri P.V. Jayakrishnan, Secretary, Ministry of Environment, said, "it is very difficult to implement the laws, so we arrest". I am just giving an information, which may, perhaps, be dealt with later on. Shri Iftikhar Geelani's case shows that act virtually invites its abuse. These are all abuses. This is how privacy is disturbed. Why is it happening? It is happening because the search and seizure work provides high visibility with the sense of being in power. This is what I want to explain. The overall contribution of search cases to total revenue collection is less than one per cent. But there is a sense of being in power. That is why the officers seek such postings. These are the reasons why it is happening.

Mr. Vice-Chairman, Sir, you said that I can mention these things at the time of reply, I will stick to the five minutes time-limit you have allotted to me. I would like to make only two points. You must be remembering Ambani's case. Two officers of the Reliance were arrested for violating the Official Secrets Act. The information allegedly found in the possession of the executives had appeared in the columns of various newspapers, weeks before the documents were seized. Inspite of that, raids were conducted at the residences of all the officials, including a Malegaon resident. Those documents were already published in the newspapers 15 days in advance. The last point which I would like to make before concluding is, very recently a news-item appeared in the newspapers—Ministers are sitting here—that the Government have

issued orders that all SMS messages will be monitored,—I would like the word 'all' to be underlined—seen and recorded by the cell operators. I am not going into the costs involved in it. But I would like, through you, to tell the Government, if they want to do it, they can do it. But they will not be able to achieve anything. Because if you do so, you will find yourself in a big ocean, and would not be able to decipher anything. Instead of that, what you should do is, if I am found doing some unlawful activities, you can check all my SMS messages. I would have no problem. But, as a rule, entire country's SMS should be checked. I am told, in the United Kingdom, normally, wherever you go, from security point of view, close circuit TVs are put up, and 300 photographs of every individual are taken. This much arrangement is already there in the UK. How much more do you want to encroach upon people's privacy? With these words, I conclude. Mr. Vice-Chairman, Sir, I appreciate your advice, and based on that I conclude my opening remarks. I appreciate your telling me that I will have an opportunity to reply.

*The question was proposed.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI NILOTPAL BASU): Thank you very much. Actually, this right has been granted to you as per the Rules of Business. Since Mr. Bagrodia has made his introductory remarks, I will call Shri Dina Nath Mishra.

श्री दीनानाथ मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, मैं इस संविधान (संशोधन) विधेयक की चेतना का समर्थन करता हूं, लेकिन जिस तरह से 21-ए की जो शब्दावली बनाई गई है उसको मैं पर्याप्त नहीं मानता हूं। मैं चाहूंगा कि उसके बदले यूरोपियन कन्वेंशन जैसी परिभाषा या उससे बेहतर शब्दावली होती तो ज्यादा बेहतर होता। मैं उसे पढ़ कर सुनाता हूं:

"Everyone has the right to respect for the private and family life, his home and his correspondence. There shall be no interference by public authority with the exercise of this right, except such as in accordance with the law necessary in democratic society in the interest of national security, public safety, economic well-being of the country and for prevention of disorder or crime for the protection of health and morals or for the protection of rights and freedom of others."

वह संक्षिप्त रूप से है उसके व्यापक परसैप्शन की संभावना कम हो जाती है। इसलिए मैं चाहता हूं कि 21-ए की शब्दावली को थोड़ा विस्तृत किया जाता जिससे उसके दुरुपयोग या

सीमित होने की संभावना कम होती। राइट ऑफ् प्राइवेसी या निजता की स्वतंत्रता एक मौलिक चीज है, जो सभी समाजों में कुछ न कुछ होती है। समझा जाता है कि घर सब से सुरक्षित स्थान है। ऐसी मान्यता है कि घर में आदमी पूरी तरह सुरक्षित है, उसकी प्राइवेसी सुरक्षित है और सब कुछ सुरक्षित है। क्या वास्तव में ऐसा है? आज तो नहीं है। आज सिर्फ एक टेलीफोन के घुस आने से, एक सैलफोन के घुस आने से वह निजता, वह स्वतंत्रता, वह प्राइवेसी बहुत कुछ भंग हो गई है। मुझे कई बार अनुभव होता है कि मैं एक पैराग्रॉफ पूरा नहीं कर पाता हूं कि उसके बीच में ही चार-चार फोन आ जाते हैं। ज्यादा महत्वपूर्ण लोगों के तो कई बार 11 बजे, 12 बजे और एक बजे भी टेलीफोन आ जाते हैं। सुबह 6 बजे से यह सिलसिला चालू होता है। टेलीफोन बहुत उपयोगी चीज है, मगर इसने निजता का, प्राइवेसी का बहुत हनन किया है। यह टैक्नोलोजी की एक चुनौती है जिसका मैं बाद में विस्तार से उल्लेख करूंगा। परिवार की भी अपनी निजता होती है। हमारे यहां परिवार के मूल्यों का बड़ा महत्व है। लोग यह भी कहते हैं कि हमारा पारिवारिक झगड़ा है। यह पति-पत्नी का झगड़ा है। इसमें तीसरा कोई न पड़े। यह भी एक तरह की निजता है। पारिवारिक मूल्यों में, निजता में किसी तरह की दखलअंदाजी न हो, यह एक मूल्य के रूप में माना गया है। परिवार के लोग दूसरों की चिट्ठी न पढ़ें। जैसे बेटे-बेटी की डायरी माता-पिता न पढ़ें या किसी दूसरे के नाम का खत परिवार का कोई सदस्य न पढ़ें। यह भी निजता के दायरे में आता है, प्राइवेसी के दायरे में आता है-दूसरों की चिटठी या कम्युनिकेशंस इस परिभाषा में कम्युनिकेशन का भी उल्लेख है। प्राइवेसी में हस्तक्षेप है और आज यह हस्तक्षेप बहुत अधिक बढ़ गया है, खास कर कम्युनिकेशन रेवोल्यूशन के कारण। मैं विस्तार में न जा कर सीधे इस साल 21 जनवरी के ''द इकोनोमिस्ट'' के अंक पर जाना चाहता हूं जिसमें ''डिजिटल डिलेमा'' नाम का 18 पृष्ठों का एक बड़ा अध्ययन छपा है। उस में एक अध्ययन है, "No hiding place." यानी छिपने की कोई जगह नहीं। उस का एक निष्कर्ष पढ़कर सुनाता हूं। "Your every move on internet is being recorded by someone, somewhere." यानी इंटरनेट दुनिया में कुछ छिपा हुआ नहीं है और इस संबंध में पश्चिम में अनेक भंडाफोड़ हो चुके हैं, बहुत विवाद हो चुके हैं। महोदय, एक और जगह पर इसका निष्कर्ष है, "The largest of these double click has agreement with over 11,000 websites and maintains cookies of ten crore or hundred million users." इन पर इतनी नजर रखी जा रही है कि अब इसमें से कोई ''ई'' मेल या कोई और इलेक्ट्रॉनिक डॉक्युमेंट कहीं भी छिपा नहीं है। उस को कोई-न-कोई निकाल सकता है-सरकारी एजेंसी भी निकाल सकती है और गैर-सरकारी एजेंसी भी निकाल सकती है। प्राइवेसी पर इतना दखल इस से पहले के दौर में नहीं हुआ। सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की ही बात नहीं है, बहुत सारी दूसरी एजेंसियां सारी सूचनाएं एकत्र कर के और दूसरे माध्यम से कॉमर्सियल उपयोग कर रही हैं। अब तो एक और भयानक आविष्कार महीने, दो महीने से कम के अंदर होने वाला है, ऐसी सूचना इस में दी गयी

है। महोदय, मैं आप को एक और उद्धरण सुनाना चाहूगा। "The use of video surveillance cameras is also growing. Britain has an estimated 1.5 million cameras monitoring public places. According to one estimate, an average Britain is recorded by CCTV cameras 300 times a day." यानी उसे मालूम ही नहीं जिस का फोटो रिकॉर्ड किया जा रहा है और वह रिकॉर्ड है। यूरोप में इस तरह के मुकदमे चल रहे हैं जहां पुराने रिकॉर्डेड डाटाज को एवीडेंस के रूप में प्रयोग किया गया है और उस के खिलाफ बहुत लंबी-चौड़ी अदालती बहसें चली हैं। महोदय, एक जगह निष्कर्ष के रूप में लिखते हैं, "And this is only the beginning. Engineers are now developing cameras that can employ low level radiation to see through clothing, walls, cars, miniature bugger devices capable of transmitting video and audio signals from miles and for years, commercial satellites powerful enough to recognise objects as small as one meter across the tiny tracking chips, cheap enough to be attached to any product of people." क्या मतलब हुआ इस का? इस का मतलब जो लोग दीवाल के अंदर जो अपनी प्राइवेसी को सुरक्षित समझते थे, कपड़े में सुरक्षित समझते थे, साल-दो-साल में यह प्राइवेसी कम-से-कम वहां खत्म होने वाली है। हो सकता है 10 साल में यहां भी खत्म हो जाए क्योंकि यह मामला इलेक्ट्रॉनिकी से संबंधित है, इसलिए यह आ भी तेजी से सकता है। इस में कोई अतिशयोक्ति नहीं है। तो मैं यह कह रहा हूं कि यह प्राइवेसी का चेलेन्ज है कि आदमी के लिए कभी भी कहीं भी कुछ भी छिपने की कहीं कोई जगह नहीं होगी जब दीवाल को क्रॉस कर वीडियो कैमरे का इस्तेमाल हो सकता है तो आप समझ लीजिए प्राइवेसी कहां रहेगी? इसको पढ़ने के बाद मेरी अपने एक अस्सी वर्षीय उद्योगपति मित्र से इस पर चर्चा हुई। तो वह घबरा गए थे और कहने लगे कि अच्छा हुआ कि मैं अस्सी वर्ष का हो गया, अगर चालीस-पैंतालीस साल का रहता तो भविष्य को देखकर मुझे बहुत परेशानी होती। कुछ भी प्राइवेट नहीं रह पाएगा, जबकि निजता की इतनी जरूरत है। मेरा अपना ख्याल यह है कि अगर इस तरह का कोई संशोधन करना है तो टैक्नोलोजी के आने वाले दौर को ध्यान में रखकर और टैक्नोलोजी के अब तक के दौर को ध्यान में रखकर टैक्नोलोजिस्ट के साथ मिलकर, विधि-विशेषज्ञों के साथ मिलकर व्यापक चर्चा करते हुए प्राइवेसी की रक्षा के लिए रणनीति बनानी चाहिए। धन्यवाद।

**श्रीमती सरला माहेश्वरी** (पश्चिमी बंगाल): उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय बागड़ोदिया जी मनुष्य की निजता की रक्षा के लिए, मनुष्य की एकांतिकता की रक्षा के लिए जो निजी विधेयक माननीय सदन में लेकर आए हैं, मैं उसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। मनुष्य की निजता का अधिकार, मनुष्य की एकांतिकता का अधिकार, इसका बहुत ही व्यापक परिप्रेक्ष है और तमाम अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर इसे इसी रूप में देखा और समझा गया है। लेकिन, जहां तक बागड़ोदिया जी के इस विधेयक का परिप्रेक्ष है, मुझे स्वयं इस बात का अहसास हो रहा है कि यह विधेयक उस

व्यापक परिप्रेक्ष में नहीं देखा गया क्योंकि अगर उस व्यापक परिप्रेक्ष में देखा गया होता तो मैं समझती हूं कि इस सदन को और सरकार को भी उसको समझने में और इन चुनौतियों का सही ढंग से सामना करने में और इसका उत्तर देने में भी मदद मिलती। बहरहाल यह उनका जो दृष्टिकोण है, मैं समझती हूं कि इसके जरिए उन्होंने कम से कम एक शुरूआत की है कि किस तरह से मनुष्य की निजता पर आज जो चुनौतियां आ रही हैं उन चुनौतियों को हम सही परिप्रेक्ष में समझ सकें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मानव अधिकारों की सार्वजनिक घोषणाओं से लेकर तमाम अन्तर्राष्ट्रीय संधियों में मनुष्यों की निजता के अधिकार की बात कही गई है और यह निजता का अधिकार, जैसा मैंने पहले कहा, बहुत व्यापक है और यह हमेशा परिवर्तनशील रहा है। महात्मा बुद्ध ने कहा था कि यह जगत परिवर्तनशील है। परिवर्तनशीलता एक अटल सच्चाई है। सिर्फ पृथ्वी का जगत ही परिवर्तनशील नहीं है बल्कि आज तो हमारे वैज्ञानिकों ने इस बात को साबित कर दिया है कि समूचा ब्रह्माण्ड परिवर्तनशील है। उसका विस्तार हो रहा है, उसका विकास हो रहा है। इस पृथ्वी पर मनुष्य, उसका जीवन, समाज, सामाजिक संस्थाएं सभी परिवर्तनशीलता के इस नियम से बंधे हुए हैं। इसलिए जो कल सच था वह आज झूठ प्रमाणित हो सकता है और जो आज सच है वह हो सकता है कि अतीत में कभी उसका अस्तित्व ही न रहा हो और भविष्य में भी हो सकता है कि आज का सत्य सिर्फ भ्रम-मात्र साबित हो जाए। मेरा कहने का तात्पर्य है कि हर चीज परिवर्तनशील, विकासमान और नई संभावनाओं को समाहित किए हुए रहती है। यही बात कानूनों पर भी लागू होती है, यही बात अधिकारों पर भी लागू होती है। सामाजिक विकास के चरण में अधिकारों का जो एक स्वरूप होता है, हो सकता है कि परवर्ती काल में हमारे नागरिक के अधिकारों का वह स्वरूप न रहे क्योंकि वे भी लगातार बदलते और परिवर्तित होते हैं। हम सभी जानते हैं कि जब से सामाजिक नियमों और कानूनों का उदय हुआ है, तभी से व्यक्ति के अधिकारों, उसकी स्वतंत्रता के बारे में भी एक ठोस समझ लगातार विकसित होती रही है और उसको कानूनी स्वीकृति भी मिलती रही है। व्यक्ति के इन अधिकारों में राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के साथ लगातार परिवर्तन होते रहे हैं। समाज की नई जरूरतों के मुताबिक व्यक्ति के अधिकार परिभाषित किए जाते रहे हैं। जीने का अधिकार तो मनुष्य को शुरू से ही हासिल था, सम्पत्ति के उदय के साथ सम्पत्ति का अधिकार भी मनुष्य को प्राप्त हुआ। इसी के परवर्ती विकास के क्रम में व्यक्ति के अधिकारों का दायरा और विकसित हुआ तथा उसमें व्यक्ति के आत्मिक जीवन से जुड़े सवाल, मनुष्य के सुख और शांति के सवाल, जीवन का आनन्द उठाने के सवाल, ये भी उन अधिकारों में शामिल हो गए। व्यक्ति की भावनाओं के प्रश्न भी किसी न किसी रूप में कानून के दायरे में शामिल होने लगे-जैसे तेज शोर, तीखी गंध, धूल और धुएं से रक्षा, प्रदूषण के नाना रूपों से रक्षा के सवाल कानून में शामिल होने लगे। उसी प्रकार आदमी की इज्जत और आबरू से जुड़े हुए प्रश्नों पर, उसकी साख से जुड़े हुए प्रश्नों पर भी कानून बने और आज किसी को भी किसी के बारे में कुत्सित प्रचार करने का कोई हक नहीं है। आदमी के पारिवारिक संबंध भी इस हद तक कानून के दायरे में शामिल कर लिए गए

कि यदि किसी का अपने पति अथवा पत्नी के साथ निबाह नहीं हो सकता है तो कानून के जरिए वह इस मुसीबत से भी छुटकारा पा सकता है। आज कानून के दायरे में मनुष्य से जुड़े हुए भौतिक व आर्थिक, सभी प्रकार के विषय क्रमश: शामिल कर लिए गए हैं। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, आदमी की संवेदनाओं का भी निरंतर विकास हो रहा है और एक मनुष्य के नाते यह सामान्य समझ पैदा होती जा रही है कि जीवन के सुख-दुख सिर्फ भौतिक जीवन तक ही सीमित नहीं होते बल्कि मनुष्य का आत्मिक जगत ही उसके सुख-दुख के विषयों को निर्धारित करता है। इसीलिए आज जरूरी है कि आदमी के विचारों, उसकी भावनाओं और संवेदनाओं को भी उसी प्रकार कानून की स्वीकृति मिले, जिस प्रकार आदमी के जीने के अन्य अधिकारों, उसकी भौतिक परिस्थितियों को स्वीकृति मिलती है। आदमी के विचार, उसकी भावनाएं और संवदेना ही वे मुख्य संघटक तत्व हैं जिनसे आदमी की अपनी निजता का निर्माण होता है और जिसे विधेयक की शब्दावली में बागड़ोदिया जी ने "एकांतिकता" शब्द के रूप में इस्तेमाल किया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह सच है कि अधिकार हमेशा से समाज की सापेक्षता में परिभाषित होते हैं लेकिन व्यक्ति का एक अधिकार अकेले रहने का भी है। जिस अकेलेपन के खतरे में पड़ जाने की चिंता दीनानाथ जी कर रहे थे, इस अकेलेपन के अधिकार का महत्व सामाजिक स्तर पर उस समय बहुत बड़ा हो जाता है जब समाज का एक बड़ा हिस्सा किसी उन्माद की रौ में आकर विवेकहीन हिंसक भीड़ का रूप अख्तियार कर लेता है। दुनिया में फासीवाद के उदय से लेकर आज तमाम तत्ववादी आन्दोलनों की पृष्ठभूमि में भीड़ में अकेला व्यक्ति घुप्प अंधेरे में दीये की एक अकेली लौ की तरह रोशनी देता हुआ प्रतीत होता है। विवेकहीनता और उन्मादित भीड़ में तब्दील हो गए समाज में ही कविगुरु रवीन्द्र नाथ ने कहा था-"एकला चलो रे। जदि तोर डाक सुने केउ ना आसे, तोबे ऐकला चलो रे।" यह है अकेले व्यक्ति के महत्व की स्वीकार। एक विवेकवान जागृत अकेला व्यक्ति उन्मादित समूह के सामने प्रतिरोध की सख्त दीवार की भूमिका अदा कर सकता है। इतिहास में व्यक्ति की भूमिका की इसी पहचान ने व्यक्ति की निजता की रक्षा को कानूनी स्वीकृति देने का ठोस आधार तैयार किया। इसीलिए सभ्यता के विकास के साथ ही व्यक्ति की एकांतिकता की रक्षा का सवाल बार-बार उठता रहा है और इसे नाना प्रकार से कानूनी स्वीकृति भी मिलती रही है। लेकित आज इस सवाल के कुछ नए आयाम हमारे सामने उपस्थित हुए हैं। विज्ञान और तकनीक के विकास ने जहां व्यक्ति के अंतर-बाह्य, दोनों को समृद्ध करने में जबर्दस्त योगदान दिया है, इसी विज्ञान और तकनीक ने कुछ ऐसे उपकरणों को भी जन्म दिया है जिनकी चर्चा हम अभी सुन रहे थे, जो पुन: राज्य और व्यक्ति के अधिकारों के बीच संतुलन के लिए घातक साबित हो रहे हैं। सूचना और तकनीक के इस युग को "एसीलोन" का एक युग कहा जा सकता है और मैं समझती हूं कि "एसीलोन" से शायद हमारा यह सदन परिचित होगा। एसीलोन उस प्रणाली का नाम है जिसके जरिए अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड की तरह के विकसित

राष्ट्रों ने मिलकर सारी दुनिया के अरबों लोगों के फोन, फैक्स, ई-मेल आदि तमाम प्रकार के इलेक्ट्रोनिक संवादों में हस्तक्षेप करने का रास्ता अपनाया है। यह खुफियागिरी का एक ऐसा नेटवर्क है जिसने संवाद के सर्वाधुनिक इलेक्ट्रोनिक माध्यम की एकांतिकता पर भी गहरा खतरा पैदा कर दिया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, राज्य और नागरिकों के अधिकारों के बीच एक सही संतुलन, एक एसी संतुलन कायम करना जिसमें किसी भी राष्ट्र और उसके नागरिकों का सर्वांगीण विकास हो सके और एक न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो सके, मनुष्यता के सामने यह सबसे बड़ी चुनौती है। जब कोई भी समाज व्यवस्था इस संतुलन को कायम करने में असमर्थ होती है तभी व्यक्ति और राष्ट्र के जीवन में अनेक प्रकार की विकृतियों का जन्म होता है। -(**समय की घंटी**)- उपसभाध्यक्ष महोदय, थोड़ा-सा समय और लूंगी। इसीलिए हमेशा इस बात की समीक्षा करने की जरूरत होती है कि व्यक्ति के जीवन की ऐसी कौन-सी नई जरूरतें पैदा हुई हैं जिनकी पूर्ति के लिए नए फानूनी प्रावधान जरूरी हैं और साथ ही राजसत्ता के पास ऐसी कौन सी नई शक्तियां आ गई है जिन पर उचित अंकुश लगाकर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा की जाए। यह एक हमेशा चलने वाली निरन्तर प्रक्रिया है। यदि हम व्यक्ति के एकांतिकता के अधिकार को स्वीकार करते हैं तो इस अधिकार की परिभाषा को भी हमें समय के साथ लगातार विकसित और परिवर्द्धित करना होगा। व्यक्ति के अधिकार जहां व्यक्ति के द्वारा कुछ किए जाने के संदर्भ में परिभाषित होते हैं, वहीं उपसभाध्यक्ष महोदय, कुछ न करने की इच्छा के रूप में भी परिभाषित होते है। उदाहरण के तौर पर एक लेखक को यह अधिकार है कि वह अपने लेखन को प्रकाशित करवाकर कापीराइट कानून के तहत या अन्य वाणिज्यिक कानूनों के तहत उस लेखन से लाभ अर्जित कर सकता है, वहीं हर लेखक को इस बात का भी अधिकार है कि वह अपनी लिखी हुई चीज को प्रकाशित न होने दे। जब कोई लेखक अपनी लिखी हुई चीज को प्रकाशित नहीं करने देना चाहता है या उससे लाभ नहीं कमाना चाहता है तो जाहिर है कि उसकी मंशा दूसरी है और वह लिखकर अपना मानसिक संतोष प्राप्त करना चाहता है। मैं यहां मौलाना आजाद का उद्धरण देना चाहूंगी। मौलाना आजाद ने जब अपनी आत्म कथा लिखी तो उन्होंने चाहा था कि उनकी मृत्यु के 30 वर्ष बाद ही उसके कुछ अंशों को प्रकाशित किया जाए। यदि प्रकाशक उनकी इस इच्छा का सम्मान न करके उनकी आत्म कथा को पहले प्रकाशित कर देता तो यह उनकी इच्छा का हनन होता। उपसभाध्यक्ष महोदय, इन तमाम तथ्यों के उल्लेख से मेरा तात्पर्य यहां पर यही है कि समय के साथ व्यक्ति की एकांतिकता की पहचान भी लगातार बदलती जाती है। इसमें कई नए-नए अध्याय शामिल होते जाते हैं और नए आयाम हमारे सामने आते हैं। इसीलिए एकांतिकता की रक्षा संबंधी कानूनों पर हमेशा नजर रखने की जरूरत है। जीवन के अनुभवों से राज्य और व्यक्तियों के अधिकारों के बीच संबंधों के जो नए-नए आयाम हमारे सामने आते हैं उन पर बहुत ही खुली दृष्टि रखने की जरूरत है। तभी आप इस समाज को हर प्रकार की तानाशाही प्रवृत्ति और नौकरशाही रुझानों और ज्यादतियों से सुरक्षित रख सकते हैं। हमारे साथी बागड़ोदिया जी ने जो निजी विधेयक पेश किया है उनका अपना खास संदर्भ है जिस पर

गंभीरता से बात करने की जरूरत है। निश्चित तौर पर ऐसे कायदे कानून विकसित किए जाने चाहिए जिनसे मनुष्य के अपने स्वत्व की, उसकी इज्जत आबरू की रक्षा की जा सके। मसलन पिछले दिनों जब सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया कि अदालतों में किसी भी अभियुक्त को हथकड़ी लगाकर लाया जाना उचित नहीं है, उसके पीछे शायद अदालत का यही नजरिया था कि आदमी के साथ जानवरों जैसा सलूक न किया जाए। इसी प्रकार उपसभाध्यक्ष महोदय, किसी भी प्रकार की जांच आदि के लिए सरकारी अधिकारियों द्वारा अशिष्ट व्यवहार की अनुमति नहीं दी जा सकती जिसकी चिंता यहां पर बागड़ोदिया साहब ने की है। यहां तक कि जिन लोगों को फौजदारी कानून के अन्तर्गत अभियुक्त बनाया जाता है उन पर भी किसी प्रकार की ज्यादती न हो इसलिए भी हमारे कानून में मानव अधिकार आयोग बना हुआ है, कानून बने हुए हैं। इसी प्रकार आर्थिक अपराधों की जांच के लिए जो अधिकारी काम करते हैं उनके लिए भी एक निश्चित आचार संहिता होनी चाहिए ताकि ये आदमी की एकांतिकता का हनन नहीं कर सकें। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह सच है कि हमारे अधिकारियों को अनेक कठिन हालात में काम करना पड़ता है। अपराधी तत्वों को सजा दिलाना बहुत आसान काम नहीं है। अपराधियों से सही तथ्यों को हासिल करना भी कभी-कभी बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन इसके बावजूद किसी को भी किसी इन्सान के साथ मनमानी करने का अधिकार नहीं दिया सकता है। यदि ऐसा ही होता है तो सभ्यता के विकास के साथ कानूनों के विकास की बात का कोई औचित्य ही नहीं रह जाता। आज का मनुष्य सिर्फ अपनी भौतिक ज़रुरतों की पूर्ति तक ही सीमित नहीं है, उसकी आत्मिक दुनिया निरंतर समृद्ध होती रही है और उस आत्मिक जगत की अपनी मांगे हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसीलिए यदि राज्य और व्यक्ति के अधिकारों का सही संतुलन बनाए रखना है तो आदमी के इस आत्मिक जगत की मांगों की अवहेलना हम नहीं कर सकते हैं। उसकी नैतिकता, उसकी मर्यादा और उसकी संवेदनाओं को हमें समझना होगा। मैं समझती हूं कि बागड़ोदिया जी ने जो यहां निजी विधेयक पेश किया है, उस विधेयक को हमें यहां व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखना है और मनुष्य की निजता का और उसकी एकातता का यह जो मूलभूत अधिकार है, उस अधिकार को हम इन्हीं संदर्भों में समझें और हमारी सरकार भी इन्हीं सदर्भों में समझकर आगामी कदम उठाये। धन्यवाद।

SHRI P. PRABHAKAR REDDY (Andhra Pradesh): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. I support the Constitution (Amendment) Bill, 1999, moved by my hon friend, Shri Santosh Bagrodia, which seeks to introduce a new provision in Part-III of the Constitution of India, adding a new Fundamental Right, the Right to Privacy. Sir, first I would like to congratulate the hon. Members for bringing forward a Bill of such significance, which seeks to protect the privacy of all the citizens of this

جب یہ سوال کریں گے کہ تمہاری شخصی آزادی پر حملہ کون کرتا ہے، تمہارے پرائیویسی حق کو کون چھینتا ہے، تمہیں سندیہہ کے گھیرے میں لاکر تمہاری زندگی کی کمائی کون لوٹتا ہے، تمہارے گھر والوں کے ساتھ ظلم اور اتیاچار کی کہانی کون بناتا ہے، تو اس میں سب سے پہلے انہیں لوگوں کا نام آتا ہے جو قانون کے محافظ کی حیثیت سے پہچانے جاتے ہیں۔ جن لوگوں کو قانون کی رکشا اور سرکشا کا بھار سونپا گیا ہے وہ آج قانون کی سرکھشا اور رکشا میں سب سے زیادہ نکمے ثابت ہوئے ہیں۔ ایک غریب آدمی سے لے کر ایک امیر آدمی تک ہر ملک کے شہری کا سمان دنیا کی ہر قوم نے تسلیم کیا ہے۔ اور دنیا کے سارے ممالک میں اس پر اہمیت کے ساتھ زور دیا گیا ہے مگر ہمارے یہاں آج جس طرح ایک شہری کے حق کو برباد کیا جاتا ہے اس سے ایک شہری اپنی آزادی کے ساتھ نہ رات کی نیند سو سکتا ہے، نہ دن میں چین کے ساتھ چل سکتا ہے۔ مثال کے طور پر، کہنے کو تو بہت ساری باتیں کہی گئی ہیں، جس میں یہ فارم ہاؤس کی بات بھی کہی گئی ہے۔ ہمارے ساؤتھ دہلی میں ایک تیندوے کے پہلکلی آبادی میں آنے کی خبر گشت کرنے لگی اور ایک تیندوا پبلک میں آکر بہت سارے لوگوں کو زخمی کر گیا۔ تب ہماری پولیس جاگی اور یہ ہوا کہ اس تیندوے کو کسی بھی طرح پکڑ کر لوگوں کو مرنے سے بچایا جائے۔ ظاہر ہے کہ وہ تیندوا پکڑا جا سکتا تھا، مگر اس کو پکڑنے کے بجائے اسے گولی ماردی گئی۔ میں کہتا ہوں کہ اس کا بھی حق ہمارے دیش کے قانون میں محفوظ کر رکھا ہے۔ کسی بھی پرندے، کسی بھی جانور کی ہتھیا کرنے کی اجازت کسی کو بھی نہیں دی گئی ہے، مگر یہ قانون کے محفوظ قانون کی ہتیا اس طرح سے کرتے ہیں۔ اس چیتے کو اگر مارنا ہی تھا تو اسے ایسی گولی مار کر گرفتار کیا جا سکتا تھا، جس کے ذریعے وہ بے ہوش ہو جاتا، مگر اسے بے ہوش کرنا مناسب نہیں سمجھا گیا، اسے جان سے مار ڈالنا مناسب سمجھا گیا۔ جب اس کے خلاف دیش کے لوگوں نے آواز اٹھائی تو پولیس نے اپنی بدنامی پر پردہ ڈالنے کے لئے فارم ہاؤسوں پر نگرانی شروع کی اور فارم ہاؤسز کے نوکروں سے پوچھنا شروع کیا کہ تمہارے یہاں کتنے جانور ہیں، کتنے لوگ بندی بنا کر رکھے گئے ہیں۔ پتہ چلا کہ صاحب ان کے یہاں ایک اجگر کو سنبھال کر رکھا گیا ہے۔ وہ اجگر سامنے لایا گیا تو اس گھر کے لوگوں نے کہا کہ صاحب اس اجگر پر کتوں نے حملہ کیا تھا ہم لوگوں نے اس کی حفاظت کے لئے اس کو قید میں رکھا ہے اسی طرح اور بھی کہانیاں پڑھنے کو ملیں۔ ایک ہاتھی کا دانت بھی اس فارم ہاؤس سے برآمد ہوا۔ پوچھا گیا کہ یہ ہاتھی دانت کب کا ہے؟ ان لوگوں نے بتایا کہ ہمارے ماں نے ہمیں اس کو دیا تھا، کم از کم ۷۰-۶۰ سال پرانا ہے اس کے بعد جیسا ہمارے دوسرے ساتھیوں نے بھی کہا۔ الیکٹرانک میڈیا کو بھی بلایا گیا اس گھر کے لوگوں کی جتنی بے عزتی کی جا سکتی تھی وہ کی گئی۔

اسی طرح سے افتخار گیلانی کی بات بھی سامنے آئی کہ سات مہینے تک اسے جیل کے اندر رکھا گیا پورے دیش میں پوری دنیا میں اس آدمی کی شکل دیش دروہی اور دیش کے غدار کی حیثیت سے پیش کی گئی۔ میں کہنا یہ چاہتا ہوں اور اپنے دیش کی عدالت کو، اپنے دیش کے قانون پر ایمانداری سے عمل کرنے والے ججوں کو مبارکباد دینا چاہتا ہوں کہ ابھی ایک ایسی پرنالی رہ گئی ہے جہاں ہر پریشان حال کو جس کی آزادی کے حق کو مار دیا جاتا ہے جس کی شخصی آزادی پر حملہ کیا جاتا ہے اسے پناہ ملتی ہے۔ عدالت نے افتخار گیلانی کے کیس کو بھی نہ صرف ہمدردی سے سنا بلکہ جو بھی جال۔ پولیس کی طرف سے بچھایا گیا تھا سارے جال کا مکھوٹہ بھی اتار کر رکھ دیا اور انہیں باعزت طریقے سے بری کر دیا۔

صدر محترم یہ تو وہ کیسز ہیں جو لوگوں کی نالج میں آجاتے ہیں، روشنی میں آجاتے ہیں، مگر معلوم نہیں کتنے کیسز ایسے ہیں جو لوگوں کی نالج میں نہیں آتے۔ دنیا کی جانکاری کے بغیر لوگ اپنی شخصی آزادی کو کیا بچا سکیں گے۔ ان کی شخصی آزادی کو لوٹ لیا جاتا ہے اور ایک آدمی کی شخصی آزادی پر اس طرح حملہ کیا جاتا ہے جس طرح آتنک وادی صوبوں کی آزادی پر حملہ کرتے ہیں، ملکوں کی آزادی پر حملہ کرتے ہیں اور لوگوں کے حقوق کی آزادی پر حملہ کرتے ہیں۔ شخصی آزادی کا جہاں تک سوال ہے ہمارے ملک نے اس کو ہر اعتبار سے تسلیم کیا ہے نہ صرف یہ کہ ہمارے ملک نے اس کو تسلیم کیا بلکہ امریکہ کے دستور کی چوتھی ترمیم میں پرائیویسی کی ضمانت دی گئی ہے۔ اقوام متحدہ (یونائیٹڈ نیشن) کے یونیورسل ڈکلیریشن آف ہیومن رائٹس کی دفعہ ۱۲ کہتی ہے کہ کسی کی بھی پرائیویسی میں دخل اندازی نہیں کی جائیگی کاؤنسل آف یوروپ نے تو تہیہ کیا ہے پرائیویسی کا احترام کیا جائے گا ہندستان کے کئی قانونی ماہرین کا کہنا ہے کہ دستور ہند کی دفعہ ۲۱ میں پرائیویسی کا حق پوشیدہ ہے۔ لیکن وہ یہ بھی مانتے ہیں کہ جب تک اس کو وضاحت کے ساتھ خصوصی طور پر شامل نہیں کیا جاتا ہے اور نافذ نہیں کیا جاتا تب تک اسمیں مختلف معنیٰ و اغراض و مقاصد نکالے جانے کی گنجائش ہے۔ اسلئے میری گزارش ہے کہ سنتوش باگروڈیا جی کے اس بل کا سمرتھن کرتے ہوئے گورنمنٹ آف انڈیا بھی خاص اور واضح قانون کو پیش کرے تاکہ لوگوں کی آزادی کے حقوق کہیں سے مرنے نہ پائیں ....." وقت کی گھنٹی" ........ سر، ایک منٹ میں اور لینے کے لئے آپ سے درخواست کرنا چاہتا ہوں۔ ہمارا ملک ۱۹۴۷ کے بعد جس سپنے کو لے کر ترقی کی راہ پر بڑھنے کا منصوبہ بنائے ہوئے تھا، آج وہ سپنا چکنا چور ہو رہا ہے۔ ہم آپ کے اعتماد پر بھی اب گھرے

سندیہہ کی سوچ پیدا کرتے جا رہے ہیں۔ ہم ایک دوسرے کے معاملہ میں گھس پیٹھ بن گئے ہیں۔ سب کی پرائیویسی کو جان لینے کا حق جیسے لگتا ہے کہ ہمارا ادھیکار بن گیا ہے۔ جب قانون کے محافظ ایسا کر رہے ہیں تو دوسری سرکاری اور غیر سرکاری ایجنسیوں میں بھی یہ وبا بیماری کی طرح سے پھیل گئی ہے۔ اسکے نتائج ہمارے سامنے بھینکر روپ میں آرہے ہیں۔ ایک پارٹی اگر پرائیویسی کا حق استعمال کرتے ہوئے اپنے چند ساتھیوں کیساتھ بیٹھ کر اگر کچھ بات کرتی ہے، تیسری منصوبے بناتی ہے تو وہیں دوسری پارٹی کے لوگ خفیہ طریقہ سے اپنی ایجنسی کو بھیج کر اپنے آدمی کو بھیج کر اس کی پرائیویسی میں مداخلت کرتے ہیں۔

" اُپ سبھاادھیکش شری سنتوش باگروڈیا صدر نشین ہوئے "

آخری بات کہنا چاہوں گا کہ ملک کا قانون ہر شخص کو ہر قوم کو اس بات کی اجازت دیتا ہے، اسمیں مداخلت کرنا صحیح معنوں میں ملک کے قانون کا غلط استعمال ہے۔ وزارت تعلیم نے ہمیں مدرسوں کو چلانے کی اجازت دی ہے، ہمارے مدرسوں کی چھان بین کیلئے تعلیمی بورڈ کے انسپکٹرس ہیں جو جا کر تعلیم کی پوزیشن کو سمجھتے ہیں قانونی پوزیشن کو سمجھتے ہیں، پیسوں کی آمدورفت ، پیسہ کہاں سے آیا ، کہاں جا رہا ہے اسکی چھان بین کرتے ہیں، مگر گزشتہ کچھ دنوں میں پولیس ظلم اسقدر بڑھ گیا ہے کہ پولیس اسکولوں میں جا کر پوچھتی ہے کہ تم کیا پڑھا رہے ہو، تم کیا لکھا رہے ہو۔ میں سمجھتا یہ ہوں کہ یہ سب شخصی آزادی میں خطرناک حد تک مداخلت ہے، انٹرفیرنس ہے ، اس کو ہر اعتبار پر بند کیا جانا چاہئے ۔ نزدیک میں ہم سنتے ہیں کہ گاؤں گاؤں میں بچوں کو اٹھا لیا جاتا ہے، جھوٹے مقدمات میں پھنسایا جاتا ہے۔ ابھی رمضان کے مہینہ میں میرے سامنے خود ایک بات آئی ۔ روزے کے مہینہ کا واقعہ ہے۔ دو آدمی مدرسوں کا چندہ کرنے کے لئے صوبہ بہار کے پورنیہ سے دہلی آئے ہوئے تھے ۔ ہمارے بھائی ایک بہار کے منسٹر بھی یہاں موجود ہیں، ان کی بھی خصوصی توجہ میں چاہوں گا۔ جب لوگ چندہ کرنے کے لئے آتے ہیں تو سارا بہی کھاتہ ساتھ میں لے کر آتے ہیں۔ اردو زبان میں جو تفصیلی بہی کھاتہ آتا ہے اس کو روداد کہتے ہیں اور چندہ جس پیپر پر آتا ہے اسے رسید کہا جاتا ہے۔ کچھ پولیس والوں نے ان دونوں آدمیوں کو پکڑ لیا اور پورے علاقہ میں اعلان کر دیا کہ یہ بہت بڑے آتنکوادی ہاتھ لگے ہیں ہمارے ہی جے این یو کے ایک سابق اسٹوڈنٹ مسٹر شکیل احمد نے آ کر کے یہ بتلایا کہ صاحب ۲۱ گھنٹوں تک تھانے میں ان لوگوں کو پریشان کر کے رکھا گیا ۔ جو رسید تھی اسکے لئے کہا گیا کہ یہ بہت بڑا دستاویز ہے، جو روداد تھی اسکے لئے کہا گیا کہ یہ بہت بڑا ہنڈ-بتر ہے ۔ ۲۱ گھنٹوں کے بعد ان لوگوں کو

چھوڑا گیا ۔ میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ یقیناً جو آتنکوادی ہیں ان کو پکڑا جانا چاہئے جو قانون کا ڈراپیوگ کرتے ہیں، اس کو بھرپور سزا دی جانی چاہئے جو دیش سے غداری کرتا ہے۔ میرا یہ ماننا ہے کہ وہ اپنی موت پر خود اپنے ہاتھ سے سگنیچر کرتا ہے۔ کسی بھی عدالت کے لئے یہ راستہ ہی نہیں رہ جاتا کہ وہ عدالت اس کو موت کی سزا سنائے۔ وہ خود اپنے فرض سے اپنے لئے موت کی سزا سناتا ہے۔ مگر جو لوگ بے قصور ہیں جن لوگوں کا کوئی دوش نہیں ہے ان کی شخصی آزادی پر دن کے اجالے میں بھی اور رات کے اندھیرے میں بھی جو ڈکیتی قانون کے محافظوں کی طرف سے ہو رہی ہے، قطعی طور پر یہ ختم ہونی چاہئے۔ اس لئے کہ یہ انسان کی آزادی میں ایک بہت بڑا امسٹکشیپ ہے جس کو کسی بھی طرح سے برداشت نہیں کیا جانا چاہئے۔ انسان نے انسان کی آزادی بھی چھینی، اس دور ترقی نے پرائیویسی بھی چھینی۔ ہمارے شری دینا ناتھ جی نے جو اہم باتیں اس ہاؤس کو بتلائی ہیں یقیناً ہماری بھی جانکاری میں اضافہ ہوا ہے، اس دور ترقی نے جس طرح سے سائنسی مشینوں کے ذریعہ انسان کی پرائیویسی پر حملہ کیا ہے، حکومت کے قوانین تو اسی کام کے لئے ہوتے ہیں کہ ملک کی پرائیویسی کی حفاظت کی جائے، دیش کے شہریوں کی پرائیویسی کی حفاظت کی جائے اور جو لوگ دیش کے خلاف کام کرتے ہیں، قانون کے خلاف کام کرتے ہیں ان کی پرائیویسی کا بھانڈا پھوڑ دیا جائے اس لئے کہ ہم اس کو پرائیویسی کی ڈیفی نیشن تسلیم کرنے کے لئے تیار نہیں ہیں۔ دیش کی جنتا کی پرائیویسی کی حفاظت ہونی چاہئے، دیش کی قانون کی حفاظت ہونی چاہئے، ایسے لوگ جو دیش کے قانون کو توڑتے ہیں دیش کی جنتا کے حق اور ہتوں کو توڑتے ہیں ایسے لوگوں کی بھی تلاشی لی جانی چاہئے۔ جو لوگ دوسرے لوگوں کے گھروں میں جا کر تلاشی لیتے ہیں چاہے انکم ٹیکس کے نام پر چھاپا مارتے ہوں، چاہے کسی مجرمانہ ریکارڈ کے نام پر چھاپا مارتے ہوں۔ تو جو چھاپا مارنے جاتے ہیں ضرورت اس بات کی ہے کہ ان کے کریکٹر پر چھاپا مارا جائے، ان کا کریکٹر ہی اس لائق نہیں ہے کہ وہ چھاپا ماریں۔ جن جن جرموں کی تلاش میں وہ جا رہے ہیں اگر ان کے مجرمانہ ریکارڈ دیکھے جائیں تو شاید ان کے مجرمانہ ریکارڈ دوسرے لوگوں سے کہیں زیادہ دکھائی دیں، اس لئے میں ایک بار پھر آپ کا شکریہ ادا کرتے ہوئے یہ عرض کرنا چاہوں گا کہ اس بل کو پاس کرنا بہت ضروری ہے تاکہ لوگوں کے حقوق کی حفاظت ہو سکے اور عام آدمی کی شخصی زندگی میں انٹرفیرنس نہ ہو۔ پولیس کو اپنے دائتو کا نرواہ کرنے کے لئے گورنمنٹ کو کڑے اُپائے کرنا چاہئے۔ سب سے زیادہ انسانی حقوق پر اور انسان کی شخصی آزادی پر جو لوگ حملہ کرتے ہیں ان میں ملک کی پولیس کا نام سرفہرست ہے جس کے ماتھے سے یہ کلنک کا ٹیکہ صاف کرنے کی گورنمنٹ آف انڈیا کی ذمہ داری ہے۔

شکریہ۔

''ختم شد''

SHRI RANGANATH MISRA (Orissa): Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on this Bill. I am happy to participate in the debate. The attempt of the Bill is to add a sub-article to article 21. Article 21, as originally framed, is probably one of the simplest articles of the Constitution. Over the years the Supreme Court has expanded its ambit and extended its application to situation which may not have been originally contemplated. 'Privacy' as a concept in the hands of common law has grown, developed and has become a matured contemplation in several centuries. Initially, when man came and lived in society, the right to privacy of an individual was not contemplated as necessary for his living. But, as man, in society, started interacting, this concept developed. Law started protecting it and secured it. Punishments were provided for breach and, ultimately, by now, the concept is clear. The U.N., in the Universal Declaration, in Article 12, clearly provided that no one shall be subjected to arbitrary interference with his privacy. The Fundamental Rights that are contemplated in the Constitution of India, in Part III, are not intended to be only available as against the State, but they are also available against individual citizens in society. The ramification, which is required in this backdrop, would be that certain rights have to be available to individual citizens, both against the State as also against the citizens. Man is a perfect 'single person unit' and is capable of developing his own personality, a personality which has also been contemplated as a right in the Universal Declaration. Everyone is entitled to a full development of his or her personality according to the Declaration. Therefore, when we think of rights, particularly Fundamental Rights, the interaction is both against the State and the individual.

In 1928, the U.S. Supreme Court had occasion to deal with the subject of privacy. Justice Brandard, who spoke for the court, indicated thus, "The right to be left alone is the most comprehensive of all rights and the right most valued by citizens and civilized men is privacy. To protect that right, every unjustifiable intrusion by the State upon the privacy of the individual—whatever be the means employed—must be

deemed to be a violation of the Fourth Amendment. All of us are aware that the ten amendments that came at a time were all relating to Fundamental Rights of the US citizens. Mr. Bagrodia, the author of the Bill, has, indeed, contemplated that privacy should be available as a right in a fuller way and in its total sense. I submit, for the consideration of the House, if the way it has been spoken to by the U.S. Supreme Court is comprehended as privacy, that means, privacy qua State or against the State, it would, probably, serve the purpose of Article 21A in a better way. Let us consider an Indian family and the way in which the members have been living. If we provide privacy as a right against the wife, against the husband or against the children in the family, a situation may arise when the family may not be able to sustain itself. A situation which in certain other countries or in other social situations may be possible and the same may not be possible at all for us. In the Indian Evidence Act, there is a provision of privilege. The comunication made between one person and the other, as stated therein, is privileged. And, no court can call upon the parties to produce them. They are protected. That is for the purpose of ensuring that communications between a husband and a wife, during the sustenance of marriage, is a privileged document. Similarly, certain other things, like a communication between a lawyer and his client, is also protected. What I am suggesting is that we should confine the extension of the Fundamental Rights, for which the Bill is sought to be introduced, to the rights of the citizens qua the State, and not in a broader way. The broader consideration is taken care of by laws that have grown in the society—the Civil and the Criminal Law—one is of compensation; and the other is of criminality and punishment. They take care of the individual's interference with a citizen's privacy. That is a personal action. Such personal action should be left out of the ambit of Article 21(A), and this should only be confined to the rights of the citizen qua the State so that the matter is clear, the purpose is served, and it does not create a situation where inconvenience may be caused to several known related units in society. The level of privacy available, is, indeed, a test of civilization. I am happy that the Hon'ble member thought of this amendment to ensure that the State does not misbehave with its citizens, and in all its actions, the importance of citizenship, the value of a citizen and his life... And, the measure as given to an individual to grow and develop in his own way, all by himself, without the interference of some other person should really be protected.

That should be encouraged. I support the Bill. I would suggest that the amendment that I have indicated for clarification should be taken into account by the hon. House in due course. Thank You.

DR. M.N. DAS (Orissa): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, for allowing me to say a few words on this very significant Bill. Though it has come in the form of a Private Member's Bill, yet I am sure all hon. Members of this august House, cutting across party lines, would regard this Bill as substantial, useful, and would support it. But, before I go on, Sir, I seek your kind permission to just narrate two brief stories. Once, a Psychiatrist was advising a tired person—intellectually tired person—that 'when you are mentally tired, listen to a sweet song or a soothing story. Your mind will be refreshed'. I would like to draw the attention of the House to two incidents of the invasion of individual's privacy, and of invasion of family privacy and these incidents of reaction came from the two great sons of India of the era of Freedom Struggle. One was Shri Bal Gangadhar Tilak and the other was Pandit Jawahar Lal Nehru. How did they react? We would all admit that the right to privacy of individual life and the right to the privacy of family life have been regarded as a part and parcel of India's social-ethos since time immemorial.

Now, I refer to the British Raj, which was nicknamed as the Police Raj. The police force under the British Raj did not respect the Indian social ethos. They did not respect individual privacy; they did not respect family privacy. So, what happened in the case of Tilak? In 1896, a famine broke out in a large part of Maharashtra, affecting 46 million people. What did Tilak do? He organized a voluntary force to feed the hungry, the starving and the dying people. And he gave instructions to them saying, go to the house of every family, stand outside, knock at the door and offer them food if they what or invite them to the free kitchen, which he had opened all over the famine-stricken area. But no volunteer dared to enter even the verandas of the houses, leave alone the rooms. That was the sanctity of the family privacy in the days of Shri Bal Gangadhar Tilak.

Again, in 1897, when plague broke out, Tilak wanted to serve the people and identify the plague-affected persons for treatment. But the British did not permit him. Instead, they employed plague officers and

British soldiers to identify the plague patients. They entered into every house, violating the sanctity and privacy of family life. As a result, people felt, and said, that the plague was more merciful than plague officers. There were a few young persons, who were agitated over this. One among them was Shri Damodar Chapakar. He murdered two plague officers named—Mr. Rand and Lieutenant Ayerst. When Bal Gangadhar Tilak focussed on this point and said that plague is more merciful then plague officers, he was arrested, tried and sentenced to 18 months of rigorous imprisonment because the British wanted to terrorise our society. I will come to that later.

The second person was Pandit Jawahar Lal Nehru. The Police had come to arrest him. Pandit Nehru himself volunteered to surrender with a small bag of clothes. He said, "Yes, take me out." But the police said that we would raid your house and search your house for any incriminating documents and they entered his house. Pandit Nehru was a person of mild nature but, when his attention fell on an officer taking out letters of Smt. Kamala Nehru, sent just before her death, even a mild-natured Nehru could not control himself, he became furious and ran to attack the police officer. That means, in India, we have respected, through ages, through years, through centuries, and through generations, the sanctity of the privacy of an individual, and the privacy of the family life. But during the British days, they destroyed this privacy, because the police had the right to interfere in the family privacy and the personal privacy in their own way. Why did they do that? At a time, when in England, for small mischiefs such as shop lifting or rabbit hunting, capital punishments were prescribed, in India, the same Britishers announced the magnanimous principle, let 100 criminals be set free, but let not any innocent be punished. Why did they do that? We studied the nature of imperialism, the purpose of imperialism and the methods of imperialism. The purpose behind freeing 100 criminals was to criminalise the society, so that police can be more effective and powerful to terrorise the society. That was the intention. Anyway, let us forget that. From Police Raj of the British days, we have come to our new raj. We may call it Police Raj, or, Vigilance Raj, or Income-Tax Raj, or CBI Raj, or Intelligence Agency Raj, or POTA Raj. The concern is how to maintain the privacy of the individual and privacy of the family. That is the main issue. But, at the same time, Sir, I feel alarmed to think of another thing. We are talking of privacy of

the individual life, privacy of the family life, but what about the privacy of national life. We live in a global village, where satellites are orbitting to locate the privacy of our nation or security of the nation as to where our Army is located, and where the Army movement is taking place, and how we are experimenting with arms, weapons and missiles. Everything is now exposed to the world. But that is a different issue. Coming to the particular issue of individual privacy and family privacy, one quotation I feel tempted to read. It is made by one of the scholars who has done marvellous research work on the subject "State Surveillance and the Right to Privacy." I would like to read one sentence. "One can scarcely imagine a State activity more dangerous to individual privacy than electronic surveillance."

Sir, you can tap our phones and record our discussions. You can employ you surveillance people to observe who is visiting my home, who is talking to me, where I am going, wherefrom I am coming back. You can also keep my kith and kins under your surveillance. There are many sophisticated methods. But, what we want is, crimes should be prevented. Because, the number of criminal cases is growing day by day. Society is being criminalised. It has assumed such proportions that some of the metropolitan cities are called crime cities of India. Therefore, State should remain alert against criminals and crimes. Days are gone when we used to go by theory that the best Government is the Government which governs the least. Now a time has come when the best Government is the Government which governs the most. But govering the most does not mean violating the dignity of the individuals, privacy of the individuals, prestige of the individuals, honour of the individuals and of the family. It is imperative for any Government to govern the most, but, at the same time, it should protect the value of democracy, by sanctifying the privacy of individual and the family.

**प्रो॰ रामबख्श सिंह वर्मा** (उत्तर प्रदेश): वाइस चेयरमैन साहब, आपने मुझे इस संविधान संशोधन विधेयक के संबंध में अपनी बात कहने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मान्यवर, मैं इस पर अपने विचारों को व्यक्त करूं, उससे पहले मुझे यह देखकर बहुत दुख हो रहा है कि इतने महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक पर विचार के समय माननीय सदस्यों की संख्या

बहुत कम है। इतने महत्वपूर्ण विधेयक पर विचार के समय अगर ज्यादा संख्या में लोग होते तो शायद ज्यादा अच्छा होता। मुझे लगता है कि सदन में वे ही सदस्य हैं जिन्हें अपनी बात रखनी है या जिन्हें अपने अधिकार के निर्वहन के कारण इस सदन में बैठने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है .. ...(व्यवधान).... मान्यवर, मुझे यह देखकर भी दुख हो रहा है कि यह विधेयक 1999 में इंट्रोड्यूस हुआ था। लेकिन तीन-चार वर्ष के बाद इस सदन में विचार के लिए यह समय निकाल पाया। देखने में इस विधेयक का ड्राफ्ट बहुत छोटा लगता है लेकिन इस विधेयक का प्रभाव काफी दूरगामी है। इसे प्रस्तुत करते समय, प्रस्तावना के समय, स्वयं की स्टेटमेंट में और अन्य माननीय सदस्यों ने जो कहा है उसस लगता है कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक है। हमारे विद्वान साथी, श्री दीनानाथ मिश्र जी ने भी कहा है कि 21(क) 1 में यह जो तीन-चार लाइन का ड्राफ्ट है, यह बहुत की छोटा है। बेहतर होता अगर प्राइवेसी के संबंध में, एकांतता के संबंध में इसमें विस्तार से लिखा गया होता। मैं समझता हूं कि 21(क) 2 में पार्लियामेंट को कानून बनाने का, एक्जीक्यूटिव रूल्स एवं रेग्युलेशन्स बनाने का जो अधिकार है उसमें वे सारे प्रावधान हो जाएंगे जिसके अंतर्गत यह विधेयक प्रभावी होगा। मान्यवर, आपने स्वयं उद्देश्यों और कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि मनुष्य की एकांतता एक प्रकार से मौलिक अधिकार होना चाहिए। इस देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इस प्रकार के कानून हैं, इस तरह की धारणाएं हैं, सब आदेश हैं। उन सब आदेशों से-आज तो पूरे विश्व में इस बात की मांग है कि मनुष्य की एकांतता का आदर और समादर होना चाहिए। लेकिन यह भी सच्चाई है कि अपने देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी इस स्वतंत्रता पर बहुत बड़ी संख्या में आघात हुआ है। कुछ घटनाएं हुई हैं। मैं समझता हूं कि अगर एकांतता का आदर किया जाता तो इंग्लैण्ड की राजकुमारी डायना की मृत्यु नहीं हुई होती। उसकी एकांतता में खलल डालने की कोशिश की गई थी। उसकी गाड़ी का पीछा किया गया था। फोटोग्राफ लेने की कोशिश की गई थी जिससे उसने गाड़ी को तेजी से भगाया, एक्सीडेंट हुआ और एक बहुत ही सुंदर महिला का अंत हुआ। उसी तरह से जर्मनी की टेनिस सितारा स्टेफी ग्राँफ, जिसने अब आंद्रे अगासी के साथ शादी कर ली है, उसके बारे में प्रिंट मीडिया के माध्यम से पढ़ा है कि जिस समय वह बाँथरूम में जाती थी उस समय उसके चित्र लेने की कोशिश की जाती थी और प्रिंट मीडिया ने शायद उसके चित्र लिए भी हैं। यही नहीं, शायद हेलीकॉप्टर में बैठ करके वायु मार्ग से भी, किसी तरह से इस एकांतता में खलल व व्यवधान डालने की कोशिश उन तथाकथित सभ्य देशों में हो रही है। यह केवल भारत की बात नहीं है। मान्यवर, आपने अपने कथनों और उद्देश्यों में बिल्कुल सही कहा है कि जहां आवश्यकता है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न है, राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रश्न है, केवल उन अपवादों और कारणों को छोड़ करके किसी भी व्यक्ति की एकांतता में खलल नहीं पड़ना चाहिए और न ही किसी के घर में घुसना चाहिए। आपने बिल्कुल सही कहा है कि अगर आवश्यकता है तो विधि के द्वारा स्थापित नियमों के अंतर्गत वहां पर भी उस परिवार को उसके घर में घुसने के लिए, उसके कमरे में घुसने के लिए, कम से कम एक घंटे का समय मिलना चाहिए जिससे कि उस कमरे में

रहने वाला व्यक्ति या महिला, ठीक से अपने कपड़ों को पहन सके और उसके बाद उस समय उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का उत्तर दे सके। लेकिन देखा गया है कि इस प्रकार से कही भी अधिकारीगण इस प्रकार की.एकांतता का आदर करते हुए नहीं पाए जाते हैं। आपने उद्देश्यों में सही कहा है कि कई बार अदालत द्वारा किसी व्यक्ति के अपराधी सिद्ध होने से पहले ही प्रिंट मीडिया और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से या जिन अधिकारियों के द्वारा रेड डाली जाती है, उनके द्वारा प्रैस में खबरों को लीक करके उसको पहले ही जलालत की जिन्दगी जीने के लिए विवश कर दिया जाता है। इस प्रकार अपराधी न होते हुए भी उसे अपराधी बना दिया जाता है। यह सच है कि सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा जितना अधिक एकांतता का उल्लंघन किया जाता है उतना शायद किसी के द्वारा नहीं किया जाता।

मान्यवर, मैंने तो अपने ही जीवन में इसको भोगा है जिस समय कि मैं एक महाविद्यालय में अध्यापक हुआ। जब मैं अपने गांव में गया, जो कि एक बहुत छोटा सा गांव है, उस गांव के पैसे वाले प्रभावशाली लोगों के द्वारा पुलिस बुलाई गई और मेरे भाइयों को अपमानित किया गया। उस समय जब मैंने जाकर कहा कि बताइये आप किस अपराध में हमारे भाइयों से पूछताछ कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि यह बहुत अधिक बोलता है। तब मुझे पीटने की कोशिश ही नहीं, बल्कि पिटाई भी की गई। जब मैंने, मेरे भाइयों और गांव वालों ने प्रतिरोध किया तब तत्काल तो पुलिस वापस चली गई, लेकिन थाने में जा करके मेरे और मेरे भाइयों के ऊपर धारा 147, 148, 149, 224, 332 आदि आठ धाराओं के अंतर्गत मुकदमा कायम किया गया। फिर जब मैं कालेज जा रहा था तो रास्तें में मुझे बस से उतार कर जेल भेज दिया गया। इस प्रकार जब महाविद्यालय में प्राध्यापक होने के बावजूद पुलिस मेरे साथ यह सब कुछ कर सकती है तो गांव में रहने वाले बहुत से ऐसे लोग जो कि पढ़े लिखे नहीं हैं, जिन्हें कि कानून का ज्ञान नहीं है, जिन्हें कि अपने अधिकारों का ज्ञान नहीं है, उनके साथ कितना अधिक अत्याचार होता होगा। यह मेरे साथ हुई 8 मई, 1974 की घटना है। तभी से मैंने अनुमान लगा लिया कि इस देश में जो सुरक्षा अधिकारी हैं, जिनका समाज को सुरक्षा देने का काम है, वे ही समाज को कितना असुरक्षित किए हुए हैं। मान्यवर, यही एक तरीका नहीं है और भी बहुत से तरीके हैं। जिन के द्वारा एकांत में खलल, व्यवधान या विघ्न पड़ता है और आदमी की जिंदगी बहुत कठिनाई में होती है। महोदय, देवी जागरण होते हैं और रात भर ध्वनि विस्तारक यंत्रों से ऊंची आवाज में कीर्तन होते हैं। फिर जवाबी कव्वाली होती है। मंदिरों, मस्जिदों से ध्वनि-विस्तारक यंत्रों से इतनी तेज आवाज में स्पीच होती हैं जिन से कि अपने घरों में भी आराम से लोग नहीं सो सकते हैं। सब से ज्यादा कठिनाई तब होती है जब बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ होती हैं। विद्यार्थी तिलमिलाते हैं, अपने कान में रुई घुसेड़कर पढ़ने की कोशिश करते हैं, लेकिन उन्हें एकांत नहीं मिल पाता। वे अपनी परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते हैं। मान्यवर, यह प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया का दखल आम आदमी की जिंदगी में इतना अधिक हो गया है कि उस की आजादी नाममात्र की रह गयी है। हाल की एक घटना हम सब ने अपने देश में पढ़ी और देखी है। अपने

पंजाब की एक लड़की सुनीता रानी जिन्हें एशियाड में एक गोल्ड मेडल और एक ब्रांज मेडल मिला था, एक खबर आई कि उस ने प्रतिबंधित दवाओं का सेवन किया है। भारत में इस का इतना अधिक प्रचार हुआ कि वह नायिका से खलनायिका बन गयी। उस ने बार-बार कहा कि मैंने किसी प्रतिबंधित दवा का सेवन नहीं किया है, लेकिन उस समय इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया ने उस की बात सुनने से इंकार कर दिया। उस ने बयान में यहां तक कहा कि मुझे लगता है शायद अब मेरे जिंदा रहने का कोई मतलब नहीं रह गया है। उस के भाइयों और माता-पिता ने चीख-चीखकर कहा कि आप जो कह रहे हैं वह सही नहीं है, लेकिन यही प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे बहरे हो गए थे। बाद में इस देश के कुछ अधिकारियों के प्रयत्न से और ओलंपिक संघ के प्रयत्न से जब वह निर्दोष साबित हुई तो पुन: वह नायिका बन गयी है। आप देखें कि किस तरह यह मीडिया किसी व्यक्ति को नायक से खलनायक और नायिका से खलनायिका बना सकता है। यह इस का एक जीता-जागता उदाहरण है। महोदय, स्थिति तब और खराब होती है जब दुर्भाग्य से इस देश में किसी जगह सांप्रदायिक सद्‌भाव बिगड़ता है, सांप्रदायिक तनाव बढ़ता है और प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रानिक मीडिया वाले उस का बढ़-चढ़ाकर दिग्दर्शन कराते हैं। अखबारों में एक पक्षीय रिपोर्टें आती हैं या विभिन्न चैनलों पर विकृत तस्वीरें प्रकाशित होती हैं और ये चैनल एकतरफा रिपोर्ट देते हैं। उस का परिणाम यह होता है कि देश के अन्य भागों में तनाव बढ़ता है, सामाजिक सद्‌भाव बिगड़ता है, सांप्रदायिक सद्‌भाव बिगड़ता है और पूरे देश के सुरक्षा बंदोबस्त पर बिना मतलब में अपव्यय होता है, सारा समाज तनाव में जीने के लिए मजबूर हो जाता है और इस तरह व्यक्ति की जिंदगी व उस की एकांतिकता में खलल पड़ता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे अन्य साथियों ने भी बहुत सी बाते कही हैं और इस विधेयक को लाने का आप का तात्पर्य पूरा हो जाता है। मैं समझता हूं इस से सरकार सजग होगी। चाहे यह विधेयक देखने में अपने आप में छोटा हो, लेकिन यह विधेयक हमारी सामाजिक आजादी के लिए, एकांतता के लिए और मनुष्य के मूल-अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेरा विश्वास है कि सरकार इसे संज्ञान में लेगी और एक विस्तृत विधेयक इस सदन में लाएगी। मेरा विश्वास है कि वह समय आ गया है जब इस तरह के प्रावधान होने चाहिए जिस से मनुष्य की एकांतता में कोई खलल न डाल पाए फिर चाहे वह सरकारी एजेंसियां हों और चाहे मीडिया हो। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करते हुए एक बार फिर आप को धन्यवाद देता हूं कि आप ने मुझे मौका दिया। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री बालकवि बैरागी:** उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने इस विधेयक पर मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। श्री संतोष कुमार बागड़ोदिया, जो कि हमारे इस माननीय सदन के महत्वपूर्ण, विद्वान और जागरूक सदस्य हैं, उन्होंने वर्ष 1999 में यह विधेयक राज्यसभा में

पुर:स्थापित किया था और आज हम इस पर वर्ष 2003 में चर्चा कर रहे हैं। एक लंबा समय इसने लिया है करीब चार साल का। वैसे तो आकार-प्रकार में यह बहुत छोटा सा लगता है, लेकिन यह एक बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है। अपनी बात शुरू करने से पहले मैं प्रस्तावक महोदय को इसके लिए बधाई देता हूं, धन्यवाद देता हूं। सदन में अभी तक इस विधेयक पर जितने भी हमारे मित्र लोग बोले हैं, जितने भी सदस्यगण बोले हैं उन्होंने अपने राजनैतिक दलों की लकीरों से हटकर इसका समर्थन ही किया है। सबने इसका समर्थन किया है।

महोदय, भारत वर्ष में व्यक्तिगत आजादी और उसकी निजता, एकांतता कितनी महत्वपूर्ण है इसके लिए पहले तो मैं दो तीन छोटे-छोटे उदाहरण देना चाहूंगा, उसके बाद अपनी बात शुरू करुंगा। रामायण और महाभारत के दो प्रसंग हैं और यह दोनों प्रसंग हमें इस बारे में बहुत कुछ बताते हैं। यह प्रसंग साढ़े चार, पांच, छह हजार साल पुराने हैं। राम जी और सीता जी जब कभी अकेले में बैठते थे तो लक्ष्मण जी बहुत दूर जाकर वीरासन में बैठकर चारों तरफ निगरानी करते थे कि कोई उन्हें सुन तो नहीं रहा है। इतना ध्यान रखा जाता था कि पति पत्नी आपस में जब बात करें तो कहीं किसी का हस्तक्षेप न हो, दखल न हो। इससे आगे बढ़कर मालवी लोकगीतों में तो एक अद्भुत बात सामने आती है, जो किसी राम-कथा में नहीं मिलती। यह केवल लोक गीतकारों ने लिखी है और वे लोकगीत रोमांचित करने वाले हैं। मैं इसे उस भाषा में तो नहीं कहूंगा, लेकिन उसका लबोलुबाब आपको बताऊंगा। मुझे खुशी है कि गृह मंत्री महोदय इस वक्त यहां पर बैठकर हमारी बात सुन रहे हैं। मै बताना चाहूंगा कि उन गीतकारों ने यह लिखा है कि राम जी और सीता जी जब अकेले में बात करने का समय ढूंढते थे तो पेड़ों पर बैठने वाले पक्षी तक उड़ जाते थे कि कहीं उनकी बात न सुन लें। इससे आप अंदाजा लगाइए प्राइवेसी का। चूंकि हरिन जी गुजरात से हैं, वह भी भलीभांति इस बात को समझ लेंगे राम-कथा का यह रूपांतरण, कि पक्षी भी इस बात को टालते थे कि उनकी बात वे न सुन लें। यदि कोई पक्षी ऊपर अनजाने में आ जाते थे तो राम जी अपनी बात बंद कर देते थे।

इससे आगे बढ़कर,उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक मिनट में महाभारत का उदाहरण देना चाहूंगा इस मूल विषय पर आने से पहले कि द्रौपदी का वरण अर्जुन ने किया था, लेकिन मां के कहने पर पांचों भाइयों ने एक एक वर्ष के लिए उसे बांट लिया था। यह प्रसंग सर्वज्ञात है। यह प्रवचन का मंच नहीं है वरना मैं विस्तार से इस बात को करता। वैसे मैं प्रवाचक नहीं हूं, लेकिन मैं महाभारत के पाठक के नाते आपको वह प्रसंग याद दिलाना चाहूंगा कि जब युधिष्ठिर के कमरे में द्रौपदी थी, दोनों का मर्यादा-काल था तो उस वक्त एक शस्त्र की तलाश में अर्जुन उस कमरे में चले गये। जबकि अर्जुन की वह परिणीता थी, किन्तु अर्जुन का मर्यादा-काल नहीं था। जब वह शस्त्र लेने चले गए और ज्यों ही अर्जुन ने देखा कि भाई और द्रौपदी दोनों बात कर रहे हैं तो उन्होंने क्षमा मांगी

**5.00 P.M.**

और शस्त्र लेकर कहा कि मैं भ्रम और भूल से आपके कमरे में आ गया था, मैं इसके लिए क्षमा चाहता हूं और अपने आपको बारह वर्ष का वनवास देता हूं। बारह वर्ष तक अर्जुन राजधानी नहीं लौटे, खांड-प्रस्थ नहीं आए क्योंकि उन्होंने भाई और द्रौपदी को एक साथ इकट्ठे देख लिया था।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह हमारे भारतवर्ष की मर्यादाएं थीं और हमारे लोग इसका पालन करते थे। यहां पशु पक्षी तक पालन करते हैं, यहां भाई और भाभी पालन करते हैं, यहां पति और पत्नी पालन करते हैं, वहां आज अंत:पुर से अंतरिक्ष तक पता नहीं कौन-कौन घुस गए हैं, न तो आपका बेडरूम सुरक्षित है, न आपका बाथरूम सुरक्षित है। यहां से वहां तक जाइए, कोई न कोई आपके पीछे पड़ा हुआ है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे विकसित विज्ञान के इस अभिशप्त युग में कहना चाहता हूं, मैं अपने वाक्य को रेखांकित करता हूं-विकसित विज्ञान के अभिशप्त युग में मेरा दर्जी .....(**व्यवधान**)......

**उपसभाध्यक्ष (श्री संतोष बागड़ोदिया):** बैरागी जी, 5:00 बज गए हैं, अंतिम सेंटेंस बोल दीजिए।

**श्री बालकवि बैरागी:** मैं अंतिम सेंटेंस कह रहा हूं कि "विकसित विज्ञान के अभिशप्त युग में मेरा दर्जी मुझसे कहता है .....(**व्यवधान**)...... मेरी एकाग्रता टूट जाती है और कोई बात नहीं। मैं अंतिम वाक्य बोल रहा हूं, उसके बाद जब आप निर्देश करेंगे तब बोलूंगा लेकिन मुझे इस पर बोलना है। मैं निवेदन करूं कि विकसित विज्ञान के अभिशप्त युग में मेरा दर्जी मुझसे कहता है कि भाई साहब एक सूट सिलवा लो। मैं बोला क्यों? तो बोला कि आपके कफलिंक्स में, बटन्स में मैं वह व्यवस्था कर दूंगा कि दुनिया की कोई चीज़ आपसे छिपी नहीं रह सकेगी। यहां तक आ गया है विकसित विज्ञान।

**उपसभाध्यक्ष (श्री संतोष बागड़ोदिया):** ठीक है, सुनिए। अब पांच बज गए हैं और शुक्रवार का दिन है। Further consideration of this Bill will continue on Thursday, the 10th April, 2003, the next day allotted for transacting Private Members' Legislative Business. Hon. Member may continue his speech on that day. तो आप महाभारत और रामायण, सब का उल्लेख उस दिन कर सकते हैं।

**श्री बालकवि बैरागी:** धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA): The House is adjourned till 11.00 A.M. on Monday, the 24th February, 2003.

The House then adjourned at one minute past five of the clock, till eleven of the clock on Monday, the 24th February, 2003.



MGIPMRND—8424 RS—20-11-2003.